


नवभारत
इंदौर, मंगलवार, 17 मार्च 2026




## एक नजर में

### कमलसिंह लोगनी के जन्मदिवस पर रक्तदान व नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित

**तितरोद।** रक्तसेवा गौसेवा हिंदुस्तान फाउंडेशन की ओर से जनपद पंचायत सीतामऊ के पूर्व कृषि सभापति कमलसिंह लोगनी के जन्मदिवस के अवसर पर ग्राम ढिकनिया स्थित विश्वकर्मा धर्मशाला में रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में गुरु गौतम मुनि ब्लड बैंक, मंदसौर की टीम द्वारा पहुंचकर 55 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। वहीं श्री लाभमुनि नेत्र चिकित्सालय, मंदसौर की टीम ने करीब 100 लोगों की आंखों की निःशुल्क जांच की तथा 3 मरीजों को ऑपरेशन के लिए मंदसौर रेफर किया गया। कार्यक्रम के दौरान कमलसिंह लोगनी ने लगातार दूसरे वर्ष अपने जन्मदिन पर केक काटने के बजाय दीप प्रज्वलित कर समाजसेवा के रूप में रक्तदान और नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया। रक्तसेवा गौसेवा हिंदुस्तान फाउंडेशन का जिले में यह 108वां रक्तदान शिविर रहा। पहली बार संस्था द्वारा जिला अस्पताल की ब्लड बैंक के स्थान पर गुरु गौतम मुनि ट्रस्ट की ब्लड बैंक के माध्यम से रक्त संग्रह किया गया। इस अवसर पर ढिकनिया सरपंच रघुराज सिंह परिहार, फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष हितेश रायमलानी (भाऊ), नागेश्वर मालवीय, बालाराम विश्वकर्मा, गोवर्धन पूरी, निर्मल फरक्या सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गरोठ विधानसभा के सभी मंडलों में भाजपा प्रशिक्षण वर्ग का समापन

**मंदसौर।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सशक्तिकरण एवं कार्यकर्ताओं के वैचारिक विकास के उद्देश्य से गरोठ विधानसभा के सभी मंडलों में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन 16 मार्च को हुआ। यह प्रशिक्षण वर्ग भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, संभाग प्रभारी सुरेश आर्य तथा जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा के निर्देशानुसार और जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में आयोजित किए गए। प्रशिक्षण वर्ग में दो दिनों के दौरान कुल आठ सत्र आयोजित किए गए, जिनमें संगठन की कार्य पद्धति, वैचारिक अधिष्ठान, संगठन विस्तार, बूथ प्रबंधन, पार्टी का इतिहास, केंद्र एवं राज्य सरकार की उपलब्धियाँ तथा सोशल मीडिया, नमो एप और सरल एप जैसे विषयों पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की सफलता का आधार समर्पित और प्रशिक्षित कार्यकर्ता हैं। प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं में आत्मविश्वास, अनुशासन और समर्पण भाव का संचार करना है, ताकि संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाया जा सके। प्रशिक्षण वर्ग में जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक देवीलाल धाक?, राधेश्याम पाटीदार, पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, धीरज पाटीदार, नरेंद्र पाटीदार, प्रियंका गोस्वामी, राजेश नामदेव, अजय तिवारी सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### श्री माहेश्वरी समाज की सामूहिक गोठ एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह आज 17 मार्च को आयोजित होगा

**मन्दसौर।** श्री माहेश्वरी समाज मंदसौर की सामूहिक गोठ एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन आज 17 मार्च 2026, मंगलवार को ''रूद्राक्ष'' माहेश्वरी भवन नयापुरा रो?, मंदसौर पर किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए श्री माहेश्वरी समाज मंदसौर के अध्यक्ष महेश (बंकट) सोमानी ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समाज का रंगतेरस होली मिलन समारोह (सामूहिक गोठ) का आयोजन 17 मार्च को किया जा रहा है। जिसके तहत आज सायं 5.30 बजे वरिष्ठजन सम्मान समारोह का आयोजन होगा जिसमें समाज के 75 वर्ष से ऊपर के महिला व पुरुष का समाज द्वारा सम्मान किया जाएगा। तथा सायं 7.15 बजे महाआरती होगी तत्पश्चात् समाजजनों का स्नेहभोज आयोजित होगा। श्री माहेश्वरी समाज मंदसौर ने सभी समाजजनों से आज आयोजित इस होली मिलन समारोह एवं वरिष्ठजन सम्मान समारोह में सपरिवार उपस्थित होने का आग्रह किया है।

# मैंने स्वयं एचपीवी वैक्सीन लगवाई है : कलेक्टर

- कलेक्टर ने एचपीवी वैक्सीन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया



**मंदसौर।** जिले में एचपीवी वैक्सीनेशन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग ने सोमवार को प्रातः 11ः00 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय से एचपीवी वैक्सीन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता रथ जिले के विभिन्न गांवों में भ्रमण कर लोगों को एचपीवी वैक्सीन के प्रति जागरूक करेगा।

इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि उन्होंने स्वयं एचपीवी वैक्सीन लगवाई है और इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है। यह एक सुरक्षित और प्रभावी टीका है, जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार के भ्रम में न आएं और अपनी बेटियों को यह टीका अवश्य लगवाएं।

कलेक्टर ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन के प्रचार-प्रसार के लिए जिले में एचपीवी टीका मित्र भी बनाए गए हैं, जो नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं हैं। ये टीका मित्र गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क कर उन्हें इस वैक्सीन के प्रति जागरूक करेंगी। उन्होंने कहा कि इस वैक्सीन के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार बहुत जरूरी है, ताकि अधिक से अधिक बच्चियां इसका लाभ ले सकें।

उन्होंने बताया कि जिले में 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई जा रही है। इसके लिए जिले में 10 वैक्सीनेशन केंद्र बनाए गए हैं, जहां नियमित रूप से टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीका लगने के बाद केवल हल्का दर्द हो सकता है, जो अन्य टीकों की तरह सामान्य है। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूल, आंगनवाड़ी और अन्य माध्यमों से अभिभावकों तक सही जानकारी पहुंचाएं। साथ ही सभी फील्ड ऑफिसर अपने कार्यालयों में एचपीवी वैक्सीन से संबंधित प्रचार सामग्री भी प्रदर्शित करें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी अधिकारी अपने स्तर पर बालिकाओं को चिन्हित कर उनका वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें, ताकि कम समय में अधिक से अधिक बच्चियों को इस टीके का लाभ मिल सके।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, नर्सिंग कॉलेज का स्टाफ तथा एचपीवी टीका मित्र, पत्रकार उपस्थित थे।



## भगवान पशुपतिनाथ की सन्निधि में वेद विद्वानों का सम्मान

**मंदसौर। जिला धार्मिक उत्सव समिति के उद्देश्य की पूर्ति के अंतर्गत भगवान पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में आयोजित श्री शुक्लयजुर्वेद माध्यन्दिन संहिता कण्ठस्थ परायण कार्यक्रम के दौरान वेद विद्वान शिक्षकों का सम्मान किया गया।**

समिति के सदस्यों द्वारा सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए वेद अध्ययन कर रहे पाठी बटुकों और उनके शिक्षकों का सम्मान शॉल व श्रीफल भेंट कर किया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि मंदसौर जिले के सांस्कृतिक इतिहास में पहली बार भगवान पशुपतिनाथ की सन्निधि में श्री शुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिन संहिता कण्ठस्थ परायण का आयोजन किया जा रहा है, जो सनातन परंपरा और वैदिक संस्कृति को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि वेदों का अध्ययन और उनका संरक्षण भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को सनातन धर्म और वैदिक परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु, विद्वान एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



## दिलीप कुमार जैन भोलिया अध्यक्ष एवं राजेश जैन सचिव मनोनीत

- नरसिंहपूरा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप मंदसौर की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**मन्दसौर।** नरसिंह पूरा दिगंबर जैन सोशल ग्रुप मंदसौर की बीओडी मीटिंग संस्थापक अध्यक्ष अशोक जैन, चयन की अध्यक्षता में गोल चौराहा जैन धर्मशाला में संपन्न हुई। सभा की शुरुआत मंगलाचरण से हुई।

प्रवक्ता अनिल जैन ने बताया कि नवीन मनोनीत अध्यक्ष दिलीप कुमार जैन भोलिया ने कार्य करणी के सदस्यों के नाम की घोषणा की जिसमें राजेश जैन बनी को सचिव, महेश जैन भोलिया को कोषाध्यक्ष, निलेश जैन दलौदा को उपाध्यक्ष, हेमंत जैन को सह सचिव, पिंकेश जैन व श्याम जैन को संगठन सचिव, संचालक मंडल में मुकेश जैन, सुनील जैन, सचिन जैन, विनोद जैन, संदीप जैन, महावीर जैन, राजकुमार जैन को मनोनीत किया गया। संरक्षक पद पर कोमल प्रकाश जैन पंछी, और प्रकाश जैन मोबाईल का मनोनयन हुआ। मीटिंग में संयोजक उमेश जैन पूर्व अध्यक्ष ललित जैन, रमेश जैन, निलेश जैन, सुरेश जैन, राजेश जैन, दिलीप जैन आरआरबी पूर्व सचिव संतोष जैन सहित सभी ने ताली बजा कर अनुमोदना की।

**एक नजर** — नवांकुर सखियों का क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

## नवांकुर सखियों एवं प्रस्फुटन समितियों के प्रशिक्षण से होगा समाज का विकास : बैरागी



**मंदसौर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के अंतर्गत संचालित नवांकुर संस्था श्री श्री मां सेवा संस्थान द्वारा प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर सखियों का एक दिवसीय दक्षता प्रशिक्षण कार्यक्रम दिनांक 16 मार्च 2025 को सेक्टर मुंद?ी के आदर्श ग्राम बोतलगंज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव तथा नवांकुर सखियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं महालक्ष्मी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला समन्वयक तृप्ति बैरागी तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेट विनोद गौ? उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि तृप्ति बैरागी मैडम ने अपने उद्बोधन में नवांकुर सखियों एवं प्रस्फुटन समितियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने तथा प्रशिक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। एवं मुख्य वक्ता पं विनोद कुमार गौ? ने आज की अनियमित दिनचर्या से बताया कि हमें स्वस्थ रहने के लिए एक नियमित दिनचर्या और भोजन की आवश्यकता है जो कि गौ पालन एवं संरक्षण से ही संभव है एक समय था जब भारत के हर घर के आंगन में गौ माता का वास होता था और गौ पालन के कारण हमारी एक नियमित दिनचर्या होती थी और शुद्ध गौ उत्पादों के प्रयोग से हमारा शरीर निरोग एवं बलिष्ठ रहता था। आज के आधुनिक युग में हमारे पास सुविधाएं तो अनेक हैं लेकिन हमारा शरीर स्वस्थ नहीं होने के कारण और कई प्रकार की बीमारियां लगने के कारण हम उन सुविधाओं का भी उपयोग ठीक से नहीं कर पाते हैं इसलिए सर्वप्रथम हमें एक स्वस्थ समाज की आवश्यकता है जिसके लिए गोपालन अत्यंत आवश्यक है गोपालन से ही जैविक कृषि संभव है और यदि जैविक कृषि प्रचलन में आएगी तो हमें ऑर्गेनिक उत्पाद आसानी से उपलब्ध हो पाएंगे और यूरिया और पेस्टिसाइड्स के उपयोग से पैदा होने वाले अन्न और उस अन्न से होने वाली कैंसर जैसी घातक बीमारियों से हम अपने आप को बचा सकते हैं। और जैसा कि सनातन धर्म के अनुसार गौ माता में 33 कोटि देवताओं का वास है तो गौ पालन से हम सांस्कृतिक रूप से भी संपन्न होकर अपनी संस्कृति की रक्षा कर सकते है। कार्यक्रम में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने समरसता का परिचय देते हुए एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया।

# नीमच

## एक नजर में

### रंगतेरस के दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने पुलिस थानों में पुलिस बल का फ्लैग मार्च





**नीमच।** रंगतेरस के दौरान जिलें में कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तथा जिलें में शांति व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे और लोग पूरे हर्षोल्लास के साथ रंगतेरस का त्यौहार मनाये जाने को दृष्टिगत् रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री अंकित जायसवाल द्वारा जिलें के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं संबंधित थाना प्रभारियों को पुलिस बल की ब्रिफिंग, संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च, संवेदनशील क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों एवं रंगतेरस गैर के दौरान ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी करने संबंधी आवश्यक निर्देश जिलें के सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को दिये गये है। रंगतेरस के दौरान जिलें में कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए तथा शांति व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु जिलें के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला गया। दिनांक 16.03.2026 को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में जावद में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला जाकर आमजन से रंगतेरस के त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में बनाये रखने की अपील की गई। जावद क्षेत्र में रंगतेरस के त्यौहार को दृष्टिगत् रखते हुए एसडीओपी जावद श्री रोहित राठौर द्वारा गैर के आयोजकों की बैठक ली जाकर त्यौहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की समझाईश दी गई। इसी प्रकार से पुलिस थाना नीमच केंट एवं नीमच सिटी क्षेत्र में नगर पुलिस अधीक्षक नीमच सुश्री किरण चौहान एवं मनासा क्षेत्र में प्रभारी एसडीओपी श्रीमति निकीता सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च निकाला जाकर आमजन से रंगतेरस के त्यौहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में बनाये रखने की अपील की गई।

### दुनियादारी छोडकर एहतेकाफ पर बैठे लोग

**जावद।** नगर में पवित्र माह रमजान का तीसरा यानी अंतिम अशरा मंगलवार से शुरू हो गया। माहे रमजान में जहां मुस्लिम समाज के लोग रोजा रखकर कर इबादत में लीन है वही पवित्र रमजान माह के आखरी 10 दिनों जो 20 रमजान की शाम से ईद का चांद दिखने तक इमाम अहमद रज़ा साहब की मौजूदगी मे हुसैनी मस्जिद में लोग एहतेकाफ पर बैठे हैं जो अपनों से दूर रहकर रब की इबादत में लीन होकर दिनरात मस्जिद में ही रहकर ईबादत कर रहे हैं वही हुसैनी मस्जिद कमेटी ने एहतेकाफ में बैठने वाले के लिए खास इंतजाम किए हैं। उक्त संदर्भ में हुसैनी मस्जिद कमेटी सदर फिरोज हुसैन मेवाफरोश व नायब सदर फिरोज रंगरेज ने बताया है कि जावद के नीमच दरवाजा की ओर हुसैन मस्जिद में इमाम अहमद रज़ा साहब की जेरे सरपरस्ती में मो.फरदीन वल्द फिरोज हुसैन मेवाफरोश, मो.कोनेन वल्द महबूब मेवाफरोश, तौसीफ रजा वल्द मो.रईस मेवाफरोश, मो.रेहान वल्द मो. नबीनूर मेवाफरोश, जाफर हुसैन वल्द राजू मेवाफरोश, मो. फहीम वल्द शायर मेवाफरोश, मो.इब्राहीम वल्द बगदाद मेवाफरोश, मो.अफजल वल्द बगदाद मेवाफरोश, मो.आशिफ वल्द इकरान मेवाफरोश, मो.आयान वल्द नारू मेवाफरोश, मो.यासीन वल्द रऊफ मेवाफरोश, मो.अल्तमस वल्द लियाकत मेवाफरोश, मो.रेहान वल्द मकबूल मेवाफरोश, मो.अतहर वल्द चिमन भाई रंगरेज, मो. फय्याज वल्द बगदाद मेवाफरोश, मो.अरहान वल्द इरफ़ान भाई मेवाफरोश, मो.सदाकत वल्द रईस मेवाफरोश, मो.रियाज वल्द रफीक भाई मेवाफरोश रतलाम वाले एहतेकाफ पर बैठे हैं।

# रंग तेरस पर मनासा में मनेगा उल्लास का पर्व

- समाजों द्वारा सामाजिक गोठ का आयोजन
- भडजी गली में महिलाओं ने निकाली गणगौर की झेल, बुधवार को निकलेगी गेर



**मनासा।** नगर में होली और रंग तेरस का पर्व परंपरागत उत्साह और उमंग के साथ मनाया जा रहा है। बरसों से चली आ रही परंपरा के अनुसार मनासा में तेरस के दिन सामूहिक रूप से होली खेली जाती है। नगरवासी एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली का आनंद लेंगे, वहीं शाम के समय विभिन्न समाजों द्वारा सामाजिक गोठ का आयोजन किया जाएगा। इस गोठ में समाज के लोग एकत्रित होकर सामूहिक भोजन करेंगे और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश देंगे।

रंग तेरस के अवसर पर नगर के कई स्थानों पर फाग उत्सव भी मनाया जाएगा। ढोल-नगाड़ों और फाग गीतों के साथ लोग पारंपरिक अंदाज में होली की उमंग में सराबोर नजर आएंगे।

**भडजी गली में निकाली गणगौर की झेल**–भडजी गली महिला मंडल द्वारा गणगौर की पारंपरिक झेल निकाली गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजी-धजी शामिल हुईं। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर ढोल की थाप पर नाचते-गाते हुए झेल निकाली। पूरे मार्ग में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा।

महिला मंडल की सरोज चौखड़ा ने बताया कि यह आयोजन महिलाओं द्वारा अखंड सौभाग्य और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के लिए किया जाता है। इस दौरान महिलाएं गणगौर माता की पूजा-अर्चना कर मंगल कामना करती हैं।

> **बुधवार को निकाली जाएगी गेर**
>
> रंग तेरस के उपलक्ष्य में बुधवार को नगरीय प्रशासन द्वारा पारंपरिक गेर निकाली जाएगी। यह गेर सोमनाथ महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सब्जी मंडी क्षेत्र में समाप्त होगी। गेर में नगर के विभिन्न समाजों, युवा संगठनों और नागरिकों की बड़ी संख्या में भागीदारी रहने की संभावना है। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर रंग-गुलाल उड़ाते हुए लोग गेर में शामिल होंगे और होली के उत्सव का आनंद लेंगे। प्रशासन द्वारा गेर को व्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।





## अग्रोहा भवन में लग रहा सेवा का महाकुंभ, दुखी मन से आते लोग मुस्कुराते हुए जा रहे हैं

**नीमच। स्थानीय अग्रोहा भवन में अग्रवाल विकास समिति नीमच व भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विशाल कृत्रिम अंग वितरण व दिव्यांग उपकरण वितरण सहायता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके दूसरे दिन भी लाभार्थी दिव्यांगों का मेला लग रहा है।**

कई दिव्यांग घसीटते हुए या दूसरों के सहायता से चलकर शिविर में पहुंच रहे हैं, अग्रवाल विकास समिति नीमच के अध्यक्ष गोपाल गर्ग व सचिव सुनील सिंहल संयोजक मंडल के अनिल मंगल, पंकज मित्तल ने बताया कि अग्रोहा भवन में दिनांक 14 से 16 मार्च तक आयोजित इस मेगा शिविर में अब तक 51 कृतिम पैर 50 कैलीपर्स 15 कृत्रिम हाथ लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 80 ट्राईसाईकिल 55 व्हीलचेयर 200 श्रवण यंत्र 35 वाकर 75 छड़ी भी निशुल्क वितरित की गई है।

इस शिविर में अग्रवाल समाज के विभिन्न सदस्यों द्वारा भी दिन भर लाभार्थियों की सेवा की जा रही है, इस शिविर में कुल 700 लाभार्थीयों का पंजीयन हुआ है आज दूसरे दिन लगभग 360 लाभार्थियों ने लाभ उठाया। पंजीयन व शिविर संचालन में श्री गोपाल अग्रवाल (बैंक) श्याम अग्रवाल (एमपीईबी) अशोक सिंघल (इंजीनियर) बनवारी लाल जिंदल चंद्र प्रकाश अग्रवाल विनोद अग्रवाल (मोरवन) गुणवंत गोयल, विनोद अग्रवाल दडोली, इंजीनियर द्वारका बंसल राजेश गोयल कनावटी गोपाल सिंहल, पल्सेस सतीष गोयल (बैंक) अनिल गर्ग सक्रिय सहयोग मिल रहा है। रेडक्रॉस व जिला चिकित्सालय की टीम ने स्थल पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाकर मरीजों को आने वाली कठिनाई का निराकरण किया।

**एक नजर** — कलेक्टर ने एपीसी समूह की बैठक में की विभागीय समीक्षा

# कृषक उत्पादक संगठनों को कस्टम हाईरिग सेंटर के लिए आर्थिक मदद कराएं





**नीमच।** जिले में गठित कृषक उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओं) को प्रेरित कर उन्हे कस्टम हाईरिंग सेंटर के रूप मे विकसित करने के लिए शासन की योजना का लाभ दिलाए। साथ ही एफ.पी.ओं को सीधे उर्वरक उत्पादक कम्पनी से अनुबंध करवाकर उन्हे उर्वरक की डीलरशिप दिलवाए। जिससे कि वे किसानों को उर्वरक उपलब्ध करवाने का कार्य कर सकें। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में ए.पी.सी. समूह से सम्बधित विभागों की विभागीय समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में जि.पं.सीईओं श्री अमन वैष्णव सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने एफ0पी.ओं. की सहायता व मार्गदर्शन के लिए सहायक संचालक कृषि श्री रमेश चोहान के समन्वयक का दायित्व सौंपते हुए उन्हे सभी एफ.पी.ओ. की समस्याओं का समाधान करवाकर यथा सम्भव मदद करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर में जावद के एफ.पी.ओं. को इसी वित्तिय वर्ष में पी.एम.एफ.ई.योजना के तहत ऋण प्रकरण, स्वीकृत कर, वित्तिय सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए है।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कृषि विभाग का मैदानी अमला किसानों को नरवाई प्रबधन के लिए जागरूक करें। उन्होने कहा कि जिले में इस वर्ष नरवाई जलाने की एक भी घटना ना हो। कलेक्टर ने पिछलें वर्षो में नरवाई जलाने की घटना, जिन गांवों में हुई है, उन गांवों के किसानों को जागरूक कर नरवाई प्रबंधन के उपाय सुनिश्चित करवाने के लिए कृषक संगोष्ठिया आयोजित करने के निर्देश भी दिए है। बैठक में दुग्ध उत्पादन की प्रगति की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि, जिले में शेष रही पंचायतों में नई दुग्ध समतियां इस माह गठित करे। अक्रियाशील समितियों को भी क्रियाशील करवाए। जिले में दुग्ध संकलन इस माह 17900 लीटर हो गया है। जिसे एक माह में बढाकर 18500 लीटर से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में उद्यानिकी, पशुपालन, कृषि, मत्स्य, सहकारिता, कृषि उपज मंडी की दुग्ध संघ की भी विस्तार से समीक्षा की गई।